नगर निगम शिमला
सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम की कार पार्किंग, नजदीक पी0 के0 कोल कम्पनी खलीनी, शिमला में 12 वाहनों की क्षमता का आंबटन एक वर्ष की अवधि के लिए किया जा रहा है। नगर निगम शिमला द्वारा उक्त पार्किंग के लिए मासिक शुल्क राशि रू0 2000/- माल व सेवाकर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कुल राशि रू0 2360/- निर्धारित किया गया है। पार्किंग का आंबटन आगामी एक वर्ष के लिए ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर किया जाना है। वाहन क्षमता से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर पार्किंग का आंबटन ड्रा-ऑफ लॉटस के माध्यम से किया जाऐगा। पार्किंग स्थल के लिए स्थानीय इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20.09.2021 सायं 2.00 बजे तक लिखित में पंजीकृत वाहन की छायाप्रति साथ सलग्न करके परिवार का एक ही सदस्य वाहन पार्क करने बारे आवेदन कर सकता है। इसके उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त पार्किंग में कुल 12 वाहनों को पार्क करने की क्षमता है तथा पार्किंग शुल्क राशि रू0 2360/- प्रतिमाह की दर से एक वर्ष के लिए निगम कोष में जमा करना होगा। पार्किंग में वाहन का रख रखाव व क्षति के लिए वाहन मालिक स्वंय जिम्मेवार होंगें। पार्किंग आंबटन दिनांक 21.09.2021 सांय 3.00 बजे नगर निगम शिमला के कार्यालय में किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम शिमला की सम्पदा शाखा में दूरभाष न0. 0177-2802779 पर सम्पर्क कर सकते है।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।